RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 123 | THURSDAY 14-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ




सड़कों की अब क्या कहें, रहने दें श्रीमान।
ठीक करें पहले इन्हें, फिर काटें चालान।
फिर काटें चालान, किस लिए लूट-खसूटी।
साइन गायब सभी, सड़क भी टूटी-फूटी।
कह साहिल कविराय, बात बेहद मामूली।
पहले सुविधा मिले, बाद में करें वसूली।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# केंद्रीय एजंसियों के शिकंजे में USDT के जरिए गेमिंग एप की कमाई को टिकाने लगाने वाला हीरा, कई लाडलों का भी लग सकता है नंबर





लुधियाना/यूटर्न/13 मई। ईडी की और से बुधवार को लुधियाना में दबिश दी गई। इस बार टीम की और से धागा कारोबारी के यहां रेड की। टीम द्वारा धागा कारोबारी हीरा सचदेवा की आरके रोड पर स्थित फैक्ट्री और ग्रीन सिटी स्थित कोठी दोनों पर एक साथ कार्रवाई की। चर्चा है कि यह रेड महादेव बैटिंग एप और गेमिंग एप को लेकर हुई है। इस दौरान कारोबारी की फर्म का पुराना और नया रिकॉर्ड खंगाला गया। वहीं बैंक और प्रॉपर्टियों के दस्तावेज भी चैक किए गए। शाम तक यह जांच जारी रही। इस पूरी कार्रवाई के दौरान किसी को भी फैक्ट्री और रिहायश के अंदर बाहर जाने की परमीशन नहीं थी। चर्चा है कि कारोबारी हीरा सचदेवा की और से ऑनलाइन गेमिंग एप के पैसे की मैनेजिंग की जाती थी। उसी की और से पेमेंट को इधर उधर किया जाता था। वहीं इस रेड के बाद शहर के कई नामी घरानों के मेंबरों के नामों से भी पर्दा उठ सकता है। हालांकि इस रेड संबंधी ईडी द्वारा अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है।

## पंजाब के बड़े कारोबारी के साथ जुड़ा है मामला

चर्चा है कि यह मामला पंजाब के एक बड़े कारोबारी के साथ जुड़ा हुआ है। उक्त कारोबारी द्वारा गेमिंग एप के जरिए कई सो करोड़ का हेरफेर किया गया। जिसमें हीरा सचदेवा की भूमिका भी शकी पाई गई। जिसके बाद पहले ईडी ने उक्त कारोबारी पर शिकंजा कसा और उसके बाद आगे हीरा सचदेवा का लिंक मिला, तो अब यह रेड हुई।

## एप की फंडिंग मैनेज करता था हीरा सचदेवा

चर्चा है कि गेमिंग एप के जरिए भारी मात्रा में फंडिंग आती थी। हीरा सचदेवा की और से उक्त फंडिंग को मैनेज किया जाता था। यानि कि किसे फंड देना है, कहा से कितना फंड आना और आगे किसे ट्रांसफर किया जाना है, यह सारा कारोबार हीरा सचदेवा करता था।

## छह साल में बना करोड़पति, मिलती थी मोटी कमीशन

वैसे कहने को तो हीरा सचदेवा का धागे का कारोबार है। लेकिन पिछले छह साल के दौरान उसने काफी तेज रफ्तार से तरक्की की। चर्चा है कि गेमिंग एप का पैसा संभालने की एवज में मोटी कमीशन मिलती थी। जिसमें रोजाना के 15-20 लाख रुपए मिलते थे। हीरा सचदेवा पहले वे सनव्यू एन्क्लेव में रहता था। लेकिन कुछ समय पहले ही उसने फिरोजपुर रोड स्थित ग्रीन सिटी में नई कोठी बनाई थी। चर्चा है कि उसकी यह कोठी करीब एक एकड़ में बनी हुई है। ऐसे में वे लगातार शक के घेरे में आता रहा।

## यूएसडीटी के जरिए गेमिंग ऐप्स में ठगी का जाल

देश में कई ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के जरिए यूएसडीटी के माध्यम से ठगी के मामले सामने आए हैं।महादेव ऐप, खिलाड़ी ऐप, फेयरप्ले और स्काई एक्सचेंज जैसे प्लेटफॉर्म जांच एजेंसियों के रडार पर रहे हैं। इन ऐप्स में पहले यूजर्स को छोटा मुनाफा दिखाकर भरोसा बनाया जाता है। इसके बाद बड़ी रकम यूएसडीटी में जमा करवाकर निकासी के समय टैक्स या फीस के नाम पर और पैसे मांगे जाते हैं। अंत में ऐप या ग्रुप अचानक बंद कर दिया जाता है, जिससे यूजर्स का पैसा फंस जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, गारंटीड मुनाफा और केवल क्रिप्टो में भुगतान की मांग ऐसे घोटालों के प्रमुख संकेत हैं।

## *दुबई वालों द्वारा राज खोलने की चर्चा*

*चर्चा है कि गेमिंग एप मामले में ईडी द्वारा लंबे समय से एक्शन लिया जा रहा है। चर्चा है कि ईडी ने इस संबंधी दुबई में चार लोगों को हिरासत में लिया था। जिसमें से दो को इंडिया लाया गया। उन लोगों द्वारा आगे हीरा सचदेवा समेत कई लोगों की जानकारी दी। चर्चा है कि इस घोटाले में लुधियाना के नामी घरानों के यंगस्टर्स भी शामिल है। आने वाले दिनों में उनके नाम से भी पर्दा उठ सकता है।*

जन हितैषी
जन जन की बात
यूटर्न टाइम
RALSON
TYRES TREAD NEW PATHS
HIGH FLIERS AWARDS 2026
SUPPORTED BY:
SOLITAIRE HOMES
CBR COLLECTIVE BY RUGBY
DXI
Knit Studio Redefining Fashion
Award Ceremony for Meritorious Students for 10th and 12th classes from all boards



23 MAY 2026
2 PM Onwards
Celebrating academic brilliance, dedication, and exemplary scholastic excellence making LUDHIANA PROUD!
Venue:
Guru Nanak Dev Bhawan, Ludhiana
Ms. Geeta 99153-61166
Other Contact 99882-20063

# स्प्रिंग डेनियनस ने सी.बी.एस.ई. बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा के परिणामों में रचा इतिहास



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से 12वीं कक्षा की सी.बी.एस.ई परीक्षा में शानदार परिणाम लेकर अपना और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल में प्रथम रहे स्टूडेंट्स में अभिषेक शर्मा 98.4%(आर्ट्स), द्वितीय स्थान पर निकिता नेगी (12वीं कॉमर्स) 96.6%, तीसरे स्थान पर हरमीत सिंह नरूला (12वीं मेडिकल) 94.8% अंक हासिल किए। वहीं सुमंत गोयल (12वीं कॉमर्स) 94%, महक सिंह (12वीं कॉमर्स) 93.8%, मनरूप कौर ग्रेवाल (12वीं कॉमर्स) 93.6%, मोहित जिंदल (12वीं कॉमर्स) 93.6%, आशी वर्मा 12वीं (नॉन-मेडिकल) 93.4%, आदित्य (12वीं कॉमर्स) 90.2% अंक लिए। इस अवसर पर विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के चेयपर्सन अविनाश कौर वालिया ने बच्चों को इस शानदार सफलता पर बहुत-बहुत बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टरज मनदीप सिंह वालिया कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा तथा प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# वाओ मॉम्स सीजन 5 ऑडिशन ने श्री राम ग्लोबल स्कूल में बिखेरा प्रतिभा और उत्साह का रंग



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। लुधियाना में मातृत्व, प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार संगम देखने को मिला, जब हाल ही में श्री राम ग्लोबल स्कूल में वाओ मॉम्स सीजन ऑडिशन 5 के ऑडिशन आयोजित किए गए। 16 मई 2026 को होने वाले ग्रैंड फिनाले से पहले आयोजित इन ऑडिशन्स ने शहर में खासा उत्साह पैदा कर दिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह बहुप्रतीक्षित आयोजन महिला सशक्तिकरण और प्रतिभा का उत्सव बनकर उभरा। डांस, म्यूजिक और Entrepreneurial Journey to Freedom जैसी श्रेणियों में माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी छुपी प्रतिभाओं, संघर्षों, सपनों और आत्मविश्वास से भरी प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। स्कूल परिसर तालियों, ऊर्जा और भावुक पलों से गूंज उठा, जब प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं और अपने उद्यमशील सफर साझा किए। चयनित फाइनलिस्ट अब 16 मई को होने वाली ग्रैंड फिनाले नाइट में लाइव प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष आयोजन में एक खास आकर्षण “Young Fashionistas” ओपन कैटेगरी रही, जिसमें लुधियाना भर से 2.5 से 6 वर्ष तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। नन्हे प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, आकर्षक रैंप वॉक और प्यारी अदाओं से सभी का दिल जीत लिया। दर्शकों और अभिभावकों की ओर से उन्हें जबरदस्त सराहना मिली।

# दिव्या जैन सुराणा ने डीएवी पक्खोवाल स्कूल में किया टॉप



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। सैट्रल बोर्ड ऑफ सैकेंडरी एजूकेशन (सी बी एस ई) ने कक्षा 12वीं के रिजल्ट बुधवार को घोषित किए। जिसमें श्री जैन श्वताबंर तेरापंथ समाज के मंत्री तरुण जैन सुराणा की बेटी दिव्या जैन सुराणा ने डी.ए.वी पबिल्क स्कूल पक्खोवाल रोड़ में हूमैनिटीज आर्टस विभाग के 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल की प्रिंसीपल सतंवत कौर ने दिव्या को बधाई देते हुए मुंह मीठा करवा कर उसका उत्साहवर्धन किया। स्कूल टापर दिव्या जैन सुराणा ने बताया की टापर बनने का श्रेय वह अपनी दादी मां विनोद देवी सुरणा और अपनी मम्मी ममता जैन सुरणा को देना चाहती है। दादी मां ने सदैव धर्म का मार्ग दिखाया और उसकी मम्मी ने हमेशा जागरुक होकर पढाई करने की प्रेरणा दी। दिव्या ने प्रिंसीपल सतंवक कौर भुल्लर और सभी स्कूल टीचर्स का धन्यवाद किया है। जिन्होने सदैव पढाई के दौरान उसका मार्ग दर्शन किया है।

# राजिंद्रा मॉडल स्कूल का 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत, मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। न्यू दुर्गा पुरी, हैबोवाल कलां स्थित राजिंद्रा मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल सोनिया रविनंदन शर्मा की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल सोनिया रविनंदन शर्मा एवं टीचिंग स्टाफ ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम में दिया वर्मा ने 547 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नितिका वर्मा ने 545 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी ने 513 अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सोनिया रविनंदन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार; स्प्रिंगदार चाकू और चोरी की एक्टिवा बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्प्रिंग ऑपरेटेड कमानीदार चाकू और चोरी की एक्टिवा बरामद की है।

आरोपी की पहचान संजय उर्फ नानू निवासी धनास कॉम्प्लेक्स चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। यह कार्रवाई यूटी की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के एम प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ ईस्ट पी अभिनंदन की निगरानी में थाना इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस द्वारा की गई। थाना प्रभारी सतनाम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को



गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

पुलिस के अनुसार 13 मई की रात करीब 12:15 बजे एसआई सुरेंद्र कुमार और कांस्टेबल राकेश इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित गौशाला के पास नाका लगाकर गश्त और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान एक ग्रे रंग की एक्टिवा तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपी ने वापस मुड़ने की कोशिश की, जिससे एक्टिवा फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की कमर से एक स्प्रिंग ऑपरेटेड कमानीदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी चाकू रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं दिखा सका। इसके बाद थाना इंडस्ट्रियल एरिया में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी जिस एक्टिवा नंबर PB65AD8526 पर सवार था, वह चोरी की निकली।

पुलिस ने चोरी की एक्टिवा को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी संजय उर्फ नानू आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में कई केस दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 से 2026 तक चोरी और बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। चंडीगढ़ पुलिस का कहना है कि इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 गुरुवार, 14 मई 2026



पेज 06 सीबीएसई 12वीं परीक्षा में डीपीएस सेक्टर-40 के...

# बलटाना में फास्ट फूड दुकान पर देर रात हमला, युवकों ने बरसाईं ईंटें

## पुरानी रंजिश में दुकान के शीशे तोड़े, CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिस




जीरकपुर/यूटर्न/13 मई। बलटाना फर्नीचर मार्केट के पास सड़क किनारे स्थित एक फास्ट फूड दुकान पर देर रात कुछ युवकों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक्टिवा पर सवार होकर आए तीन से चार युवकों ने दुकान पर ईंटें बरसाईं, जिससे दुकान के दो शीशे टूट गए और अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचा। पीड़ित दुकानदार ने घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई है। पीड़ित सूरज सैनी ने बताया कि उसकी फास्ट फूड की दुकान बलटाना फर्नीचर मार्केट में सतगुरु डॉक्यूमेंट सेंटर के सामने स्थित है। देर रात अचानक एक्टिवा पर सवार होकर तीन से चार युवक उसकी दुकान के बाहर पहुंचे और बिना किसी उकसावे के दुकान पर ईंटें फेंकनी शुरू कर दीं। हमले में दुकान के दो शीशे चकनाचूर हो गए, जबकि अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचा।

सूरज ने बताया कि इसी गिरोह ने दिसंबर महीने में भी उसके साथ मारपीट की थी। उस समय उसने मामले की शिकायत बलटाना पुलिस चौकी में दी थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि इसी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने दोबारा हमला किया। पीड़ित के मुताबिक, जब वह हमलावरों को पकड़ने के लिए उनके पीछे भागा तो एक्टिवा सवार युवक संतुलन खोकर गिर पड़े। इसके बाद तीन युवक मौके से भाग निकले, जबकि एक युवक एक्टिवा लेकर फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी। बाद में उसे बलटाना पुलिस चौकी जाकर लिखित शिकायत देने के लिए कहा गया, जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत सौंप दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

> 'मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मौके का मुआयना करने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'
> — पवन कुमार, एएसआई, पुलिस

# पंजाब में बढ़ते चारा संकट को लेकर 14 मई को अहमदगढ़ पेपरमिल के बाहर होगा विशाल शांतिमय प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। पंजाब में लगातार गहराते चारा संकट को लेकर गौ सेवक संगठनों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन के अध्यक्ष स्वामी कृष्णा नंद के नेतृत्व में भारत नगर चौक स्थित बुरी वाले मंदिर में आयोजित एक विशाल बैठक के दौरान 14 मई, वीरवार को अहमदगढ़ स्थित पेपरमिल के आगे विशाल शांतिमय प्रदर्शन करने की घोषणा की गई। बैठक में पंजाब के विभिन्न जिलों से पहुंचे गौ सेवक संगठनों, गौशाला संचालकों और समाजसेवी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में चारे और तूड़ी की भारी कमी के कारण गौशालाओं में पशुओं को पालना बेहद मुश्किल हो गया है। कई गौशालाएं आर्थिक संकट से जूझ रही हैं, जबकि हजारों बेसहारा गायों के लिए चारे का प्रबंध करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। गौ सेवकों ने आरोप लगाया कि पंजाब की कई पेपर मिलों और उद्योगों द्वारा बड़ी मात्रा में चारा तूड़ी को स्टोर किया जा रहा है, जिससे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो गई है। इस अवसर पर संत सतविंदरजीत सिंह, हीरा, बिट्टू गुंबर, मोहन सिंह, सुरिंदर मुरारी, भूपिंदर शर्मा, हरीश छाबड़ा, इंदरजीत चुग, दीपक शर्मा आदि शामिल थे।

# चुनावी माहौल गरमाया, वार्ड 14-15 में पति-पत्नी की जोड़ी मैदान में

## आशु और नरेश उपनेजा ने पुराने बाजार में किया

डेराबस्सी/यूटर्न/13 मई। नगर कौंसिल चुनाव की तारीख घोषित होते ही शहर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार लगातार लोगों के बीच पहुंचकर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ने वार्ड नंबर 14 और 15 में अपना चुनाव प्रचार तेज करते हुए पुराने बाजार क्षेत्र में डोर-टू-डोर अभियान चलाया।

इस दौरान नगर कौंसिल की पूर्व प्रधान आशु उपनेजा और उनके पति नरेश उपनेजा अपने समर्थकों के साथ लोगों के बीच पहुंचे और पार्टी के पक्ष में वोट मांगे। नगर कौंसिल चुनाव में वार्ड नंबर 14 और 15 से पति-पत्नी की यह जोड़ी आम आदमी पार्टी की ओर से चुनाव मैदान में उतरने को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। दोनों उम्मीदवार लगातार लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। प्रचार अभियान के दौरान आशु उपनेजा ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा विकास और पारदर्शी राजनीति की बात करती है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का मौका देती है तो वार्डों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।





वहीं नरेश उपनेजा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लगातार घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आम लोगों की आवाज बनकर काम कर रही है और नगर कौंसिल में भी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। पुराने बाजार की विभिन्न गलियों में कार्यकर्ताओं ने लोगों से मुलाकात कर पार्टी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी दी। प्रचार अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल गरम दिखाई दिया और समर्थकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

# श्री महावीर जैन माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा

शिव कौड़ा



फगवाड़ा/यूटर्न/13 मई। श्री महावीर जैन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का पंजाब स्कूल बोर्ड की सत्र 2026-27 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 12वीं का परिणाम शानदार और सौ प्रतिशत रहा। सभी 193 विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन, स्टाफ और अभिभावकों में खुशी की लहर है। स्कूल के व. प्रिंसिपल जगपाल सिंह ने बताया कि कुल 193 में से 158 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। इनमें 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, 41 विद्यार्थियों ने 80-90 प्रतिशत, 55 विद्यार्थियों ने 70-80 प्रतिशत जबकि 50 विद्यार्थियों ने 60-70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सतीश जैन के अनुसार स्कूल के मेधावी छात्र गुरशान सिंह पुत्र विक्रम सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला कपूरथला में तीसरा तथा स्टेट मेरिट में 16वां स्थान हासिल करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय स्तर पर विज्ञान संकाय की सिमरजीत कौर पुत्री अमरीक सिंह ने द्वितीय और वरुण शर्मा पुत्र दविंदर कुमार शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कामर्स ग्रुप में उर्वशी पुत्री सतीश कुमार शर्मा ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रितिका शर्मा 91.80 अंक लेकर द्वितीय, रौनित शर्मा 91.40 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। आर्ट्स ग्रुप में खुशी ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है। प्रधान सतीश जैन, सचिव ललित जैन और कोषाध्यक्ष अजीत जैन ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को इस शानदार परिणाम के लिए बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को भी शुभकामनाएं देते दोहराया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिये वचनबद्ध है।

# CBSE ने 12वीं क्लास के रिजल्ट किए घोषित, 87.92% स्टूडेंट पास हुए

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने बुधवार को अपना 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। देश में लुधियाना रीजन 9वें नंबर पर आया है। लुधियाना में इस बार 87.92% स्टूडेंट पास हुए हैं। लुधियाना रीजन में कुल 1,23,836 छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। इसमें से 64,249 लड़के और 59,587 लड़कियां थीं। फाइनल परीक्षा में 55,101 लड़के व 53,773 लड़कियां पास हुई हैं। कुल मिलाकर 1,08,874 स्टूडेंट्स पास हुए।

वहीं, परसेंटेज के हिसाब से देखें तो लुधियाना रीजन में कुल 87.92% स्टूडेंट पास हुए हैं। इनमें 85.76% लड़के और 90.24% प्रतिशत लड़कियां शामिल हैं। इस हिसाब से लड़कों की तुलना में करीब 5% ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं। वहीं, लुधियाना रीजन में 9977 स्टूडेंट्स की कंपार्टमेंट आई है। वहीं एक या अधिक विषयों में पास न होने वाले छात्रों को इस बार भी कंपार्टमेंट परीक्षा का मौका मिलेगा। इससे उनका साल खराब नहीं होगा और वे अपने अंक सुधार सकेंगे। बोर्ड जल्द ही कंपार्टमेंट परीक्षा का शेड्यूल जारी करेगा, जिसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।



बीवीएम स्कूल उधम सिंह नगर के स्टॉफ ने बच्चों का मुंह कराया मिट्ठा




बीवीएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल उधम सिंह नगर के टॉपर्स

# बीसीएम दुगरी ने एआईएसएससीई बोर्ड परिणाम में अकादमिक उत्कृष्टता का जश्न मनाया

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। बीसीएम स्कूल, बसंत एवेन्यू ने एक बार फिर सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025झ26 में शानदार परिणाम हासिल किया। 214 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थियों ने 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 209 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। साइंस स्ट्रीम की



चेरिश वशिष्ठ ने 97.4% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान, कॉमर्स स्ट्रीम की हरमीत कौर ने 97.2% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और कॉमर्स स्ट्रीम के ही इकजोत सिंह ने 97% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. वंदना शाही ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर का रिजल्ट शानदार रहा

NON-MEDICAL




MEDICAL




COMMERCE



HUMANITIES



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। डीएवी पब्लिक स्कूल, बीआरएस नगर का सीबीएसई बोर्ड के 12वीं क्लास का रिजल्ट शानदार रहा। जिसमें प्रिंसिपल जसविंदर कौर सिद्धू ने बताया कि ह्यूमैनिटीज में हृदयरोप कौर ने 99.6%, हरनूर बडेसा ने 99.4%, तनवीन कौर ने 98.6%, आस्था गोयल ने 97.6%, स्मृद्धि सेहगल ने 97.4%, कॉमर्स में प्रार्थना धवन ने 99.2%, दिया बंसल ने 99%, नोनीध सिंह ने 98.8%, ईवा सूद ने 98.4%, गुरसिमरत सिंह ने 98.2 प्रतिशत, मेडिकल में ऐशमीन कौर/इशिका भाटिया ने 98%, अंगद बत्रा ने 96.2%, सुहानी ने 96%, सरताज सिंह धालीवाल ने 95.8%, सुहान कश्यप ने 95.6%, नॉन-मेडिकल में आर्यन मदान / समृद्ध गुप्ता ने 96%, आर्यन मित्तल ने 95.6%, अर्जुन सिंह क्वात्रा ने 95.2%, केशव कपूर/जैस्मिन कौर सच्चर ने 94.2%, ऋषि सागर/सान्वी गुप्ता ने 92.6% अंक हासिल किए।

# डीसीएम यंग एंटरप्रेन्योर स्कूल का 12वीं का परिणाम रहा शत प्रतिशत




लुधियाना/यूटर्न/13 मई। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीसीएम यंग एंटरप्रेन्योर स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष स्कूल का पहला 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा, जो शत प्रतिशत रहा है। प्रिंसिपल मीनू चोपड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अध्यापकों के समर्पण तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। कॉमर्स स्ट्रीम में प्रिशा साही ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। आरुष अग्रवाल ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा हार्दिक गोयल ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में एंजल भोला ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# डीसीएम प्रेसिडेंसी स्कूल का 12वीं का परिणाम रहा शानदार



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में डीसीएम प्रेसिडेंसी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल रजनी कालरा ने बताया कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम ने पूरे स्कूल परिवार को गौरवान्वित किया है। स्कूल के ओवरऑल टॉपर फाइनेंशियल मार्किट मैनेजमेंट स्ट्रीम में अर्नव कालरा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। कॉमर्स स्ट्रीम में अंशिका शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नॉन मेडिकल स्ट्रीम में लक्ष्य अग्रवाल ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। मेडिकल स्ट्रीम में सिमरजीत कौर बत्रा ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में रमनीक अंबास्ट ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# BCM आर्य मॉडल स्कूल के बच्चों ने किया टॉप





लुधियाना/यूटर्न/13 मई। बीसीएम आर्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शास्त्री नगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार बोर्ड परिणाम हासिल किए हैं। जिसमें प्राची बांधा ने 98.8% (मास मीडिया), पर्लप्रीत कौर ने 98.2% (मेडिकल), भाविका गुप्ता ने 98.6% (फूड प्रोडक्शन), तमन्ना खुराना ने 98.6% (मास मीडिया), दिलेशा ने 97.4% (कॉमर्स), गुनीन कौर ने 97.4% (सीएफएस) और तनिष्का कक्कड़ ने 97.4% (कॉमर्स) में हासिल किए।

Uturn Time 14 May 2026_Layout 2 13-05-2026 23:33 Page 5





पेज 12 दरिया में युवक की हत्या से भड़का गुस्सा, पुलिस....

# हरियाणा नगर निगम चुनाव नतीजे: बीजेपी ने पंचकूला और सोनीपत के निकाय चुनावों में जीत हासिल की

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। बीजेपी के मेयर पद के उम्मीदवार श्याम लाल बंसल और 17 वार्ड उम्मीदवारों ने बुधवार पंचकूला नगर निगम चुनावों में एकतरफा जीत हासिल की। दो निर्दलीय उम्मीदवारों और एक कांग्रेस उम्मीदवार ने बाकी सीटें जीतीं। बीजेपी के मेयर पद के उम्मीदवार श्याम लाल बंसल ने कांग्रेस की सुधा भारद्वाज को 35,735 वोटों के बड़े अंतर से हराया। जीतने वालों में वार्ड नंबर 6 के उम्मीदवार पार्थ गुप्ता भी शामिल थे, जो हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता के पोते हैं; उन्होंने अपने पहले ही चुनाव में जीत हासिल की। सोनीपत में, बीजेपी ने जबरदस्त जीत हासिल की, 22 में से 17 वार्ड जीते और मेयर का पद भी 23,247 वोटों के अंतर से जीता। कांग्रेस को सिर्फ. पाँच वार्डों से संतोष करना पड़ा। सोनीपत के लोगों ने एक साल में दूसरी बार सत्ताधारी बीजेपी के उम्मीदवार राजीव जैन पर भरोसा जताया। जैन ने कांग्रेस के अपने विरोधी कमल दीवान को 23,247 वोटों से हराया। खास बात यह है कि राजीव जैन पिछले साल मार्च में हुए मेयर उपचुनाव में भी शहर के मेयर चुने गए थे। उस समय भी उन्होंने इसी उम्मीदवार, कमल दीवान को ही 34,970 वोटों से हराया था। सोनीपत नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए कुल 10 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें NOTA भी शामिल था।



## कड़ी सुरक्षा में हुई गिनती

वोटों की गिनती सोनीपत-गोहाना रोड पर स्थित इक्कर, मोहना गाँव में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। चुनाव जीतने के बाद, राजीव जैन ने रिटर्निंग ऑफिसर और अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा से अपना जीत का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस मौके पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बडोली, विधायक निखिल मदान, उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, बीजेपी के ज़िला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज और पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने मतगणना केंद्र पर मिठाइयाँ बांटीं।

## बीजेपी के राजीव जैन को 78,033 वोट मिले

बीजेपी के राजीव जैन को 10 मई को पड़े कुल 1,42,688 वोटों में से 78,033 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार कमल दीवान को 54,786 वोट मिले। INLD उम्मीदवार आनंद कुमार को 5,210 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवारों में, अनल सिंघल को 651 वोट, डॉ. कमलेश कुमार सैनी को 305, चांद राम को 318, रमेश कुमार खत्री को 1,071, संत धर्मवीर छोटीवाला को 275 और हवा सिंह को 433 वोट मिले। कुल 1,606 मतदाताओं ने NOTA को चुना। ढडळअ को 1,606 वोट मिले, जो मेयर चुनाव लड़ने वाले किसी भी निर्दलीय उम्मीदवार को मिले वोटों से ज्यादा हैं। सोनीपत में 22 में से 17 वार्ड जीतकर बीजेपी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया, जबकि कांग्रेस के पाँच उम्मीदवार जीते।

# चंडीगढ़ में धनास की मिल्क कॉलोनी में नई वाटर सप्लाई पाइपलाइन परियोजना की शुरूआत, मेयर ने रखा आधारशिला पत्थर



चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। शहर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों को बेहतर जल आपूर्ति उपलब्ध करवाने की दिशा में नगर निगम चंडीगढ़ ने धनास स्थित मिल्क कॉलोनी में नई वाटर सप्लाई पाइपलाइन बिछाने के प्रोजेक्ट की शुरूआत कर दी है। बुधवार को चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी ने पार्क क्षेत्र के पास आयोजित कार्यक्रम में इस परियोजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं एरिया पार्षद कुलजीत सिंह संधू, चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।

मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ शहर के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में पुरानी सी.आई. वाटर सप्लाई पाइपलाइन पिछले कई वर्षों से लगातार लीकेज की समस्या से जूझ रही थी, जिसके कारण पानी की बबार्दी होने के साथ-साथ सड़कों को भी नुकसान पहुंच रहा था और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए अब नई डी.आई. वाटर सप्लाई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया है, जिससे क्षेत्र में निर्बाध और सुचारु जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मेयर ने कहा कि नगर निगम भूमिगत इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकें। पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं एरिया पार्षद कुलजीत सिंह संधू ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद वार्ड में यह बड़ा वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे मिल्क कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र के निवासियों को काफी राहत मिलेगी तथा इलाके की मूलभूत सुविधाएं और मजबूत होंगी। चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने बताया कि मौजूदा पाइपलाइन करीब 25 वर्ष पुरानी हो चुकी थी और उसकी खराब स्थिति के कारण बार-बार मरम्मत करना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने बताया कि लगभग 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना पानी के रिसाव को रोकने, सड़कों को होने वाले नुकसान को कम करने और जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहायक होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने भी इस परियोजना का स्वागत करते हुए नगर निगम का आभार जताया और कहा कि इससे क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का समाधान होगा।

# 18 मई को होगी हरियाणा कैबिनेट की अहम बैठक, पीएम मोदी के संभावित दौरे पर भी चर्चा



चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। हरियाणा सरकार की अहम कैबिनेट बैठक 18 मई, सोमवार को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री Nayab Singh Saini करेंगे। यह बैठक सुबह 10 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय में होगी, जिसमें राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, विभिन्न विभागों के कई प्रस्ताव कैबिनेट की मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री Narendra Modi के संभावित हरियाणा दौरे को लेकर भी बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ दौरे की तैयारियों और कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर सकते हैं। बैठक में विकास परियोजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों और प्रशासनिक फैसलों पर भी मंथन होने की संभावना है। कई विभागीय योजनाओं को मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों का कहना है कि बैठक के बाद सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की आधिकारिक जानकारी जारी की जाएगी। राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



# बिटूमिन के बढ़े दामों से हरियाणा में सड़क निर्माण कार्य प्रभावित, ठेकेदारों ने मांगा स्पेशल पैकेज



चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। पेट्रोल, डीजल और सोने की बढ़ती कीमतों के बीच अब सड़क निर्माण कार्यों पर भी महंगाई की मार साफ दिखाई देने लगी है। बिटूमिन और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण हरियाणा में करोड़ों रुपये के सड़क निर्माण और री-कारपेटिंग कार्य प्रभावित हो गए हैं। हरियाणा पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने सरकार से विशेष राहत पैकेज और कॉन्ट्रैक्ट रेट में संशोधन की मांग उठाई है। हरियाणा पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक जैन ने कहा कि प्रदेश में सड़क और अन्य निर्माण कार्यों की लागत लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते कई प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में करीब 2700 करोड़ रुपये के रोड री-कारपेटिंग कॉन्ट्रैक्ट दिए गए थे, जिनमें से लगभग 1200 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं। अशोक जैन के अनुसार बाकी बचे करीब 1500 करोड़ रुपये के कार्य अब संकट में हैं, क्योंकि बिटूमिन और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी उछाल आने से लागत लगभग तीन गुना तक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में पुराने रेट पर काम जारी रखना ठेकेदारों के लिए संभव नहीं रह गया है।


## Happy Anniversary



Santosh Gupta and Uttara Gupta

## CBI डायरेक्टर प्रवीण सूद को मिला एक साल का एक्सटेंशन





नई दिल्ली/यूटर्न/13 मई। केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने चयन समिति की सिफारिश के आधार पर यह मंजूरी दी है। आधिकारिक आदेश के अनुसार, प्रवीण सूद का कार्यकाल अब 24 मई 2026 के बाद भी एक साल तक जारी रहेगा। सरकार के इस फैसले को जांच एजेंसी में निरंतरता और स्थिरता बनाए रखने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा में डीपीएस सेक्टर-40 के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, विभिन्न स्ट्रीम में छात्रों ने किया टॉप



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर-40 चंडीगढ़ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्रों ने ह्यूमैनिटीज, कॉमर्स, मेडिकल और नॉन-मेडिकल सभी स्ट्रीम में बेहतरीन अंक हासिल किए। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में संचिता पॉल ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में टॉप किया। वहीं कॉमर्स स्ट्रीम में सिया गर्ग और यशस्विनी मित्तल ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में वृंदा शारदा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि मेडिकल स्ट्रीम में जनीशा कौर चावला ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और इसे छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया। वहीं भवन विद्यालय सेक्टर-27 चंडीगढ़ के छात्रों ने भी सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधन ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### प्रभु का घर ही असली घर है।

एक कहावत है कि

जो सुख छज्जू दे चौबारे न बुल्ख न बुखारे

यानि कि हम अपने घर से बाहर कहीं भी घूमने फिरने निकल जाएँ, चाहे वो जगह कितनी भी रमणीक, सुख सुविधाओं से सुसज्जित और आलीशान क्यों न हो, चाहेवो स्थान अपने सबसे प्रिय किसी का घर ही क्यों न हो कुछ समय वहाँ बिताने के बाद हर इन्सान को अपने घर जाने की इच्छा उठने लगती है। थक हार कर अपने घर पहुँचकर सुकून की जो नींद आती है वो सुख कहीं नहीं मिलता और अगर घर तक पहुँचने में देरी हो जाए तो यह तड़प और अधिक बढ़ने लगती है। यह तड़प इतनी भयंकर होती है कि अपने घर पहुँचने के लिए मन बेचैन हो उठता है। अपना घर अपना होता है फिर वो चाहे केवल अपना केवल सिर छुपाने की छोटी सी कुटिया ही क्यों न हो। जब इतनी तड़प के बाद हम अपने घर पहुँचते हैं तो वो आनंद दुनिया के सभी आनंदों से सर्वोच्च होता है। ठीक यही तड़प उन लोगों के मन में उठने लग जाती है जो प्रभु से खुद को जोड़ लेते हैं और प्रभु के घर को ही अपना असली घर मानते हैं। ऐसे साधकों को दिन रात परमात्मा से मिलने की तड़प लगी रहती है। ऐसे लोग मन ही मन सन्यासी हो जाते हैं। उन्हें मृत्यु एक उत्सव की तरह लगने लगती है क्योंकि इसके बाद उन्हें इस मुसाफिरों और विभिन्न प्रिय नाते रिश्तेदारों की दुनिया को छोड़कर अपने असली घर जाकर सुकून पाना होता है। यही कारण है कि प्रभु का सच्चा भक्त उससे किसी वस्तु की चाह न करके उससे वास्तविक मिलन की चाह रखता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या Parents अपने बच्चों से Maintenance मांग सकते हैं?**

भारतीय कानून केवल पति-पत्नी या बच्चों के भरण-पोषण तक सीमित नहीं है। जरूरत पड़ने पर माता-पिता भी अपने बच्चों से Maintenance मांग सकते हैं।

यदि माता-पिता वृद्ध हैं, स्वयं अपना खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं, और बच्चे उनकी देखभाल नहीं कर रहे, तो वे कानून के तहत Maintenance की मांग कर सकते हैं।

इसके लिए कानूनी प्रावधान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की प्रक्रिया तथा Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act में उपलब्ध हैं।

अदालत या ट्रिब्यूनल यह देखता है कि माता-पिता वास्तव में आर्थिक सहायता के जरूरतमंद हैं या नहीं, और बच्चों की आर्थिक स्थिति क्या है।

यह कानून केवल बेटों पर ही नहीं, बल्कि बेटियों पर भी समान रूप से लागू होता है। यदि बच्चे सक्षम होने के बावजूद माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो अदालत Maintenance देने का आदेश दे सकती है।

कुछ मामलों में वरिष्ठ नागरिक अपनी संपत्ति वापस लेने की भी मांग कर सकते हैं, यदि उन्होंने देखभाल की शर्त पर संपत्ति हस्तांतरित की हो और बाद में उनकी उपेक्षा की गई हो।

कई लोग यह मान लेते हैं कि माता-पिता की देखभाल केवल नैतिक जिम्मेदारी है, जबकि यह एक कानूनी दायित्व भी है।

निष्कर्ष: जरूरतमंद माता-पिता अपने बच्चों से कानूनी रूप से Maintenance मांग सकते हैं। कानून वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट अधिकार प्रदान करता है।

## दृष्टि नहीं टूटा हौसला: इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड की वंशिका ने 97.4% अंक लेकर रचा इतिहास, अब ब्यूरोक्रेट बनने का सपना



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। आंखों से दुनिया भले साफ दिखाई नहीं देती, लेकिन सपने बिल्कुल स्पष्ट हैं। सेक्टर-26 स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द ब्लाइंड सेक्टर-26 की छात्रा वंशिका ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर न सिर्फ संस्थान में टॉप किया, बल्कि यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। हरियाणा के करनाल की रहने वाली वंशिका दृष्टिबाधित हैं और पहली कक्षा से ही इंस्टीट्यूट में रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

वंशिका का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर समाज के लिए काम करने का है। उसने बताया कि दसवीं कक्षा में भी उसने 96 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए थे, लेकिन इस बार उसने अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पहले से ज्यादा मेहनत की। वंशिका ने कहा कि उसे समाज के लिए काम करना अच्छा लगता है और प्रशासनिक सेवा में जाने की प्रेरणा संस्थान के पूर्व निदेशक एवं आईएएस अधिकारी रूपेश कुमार से मिली। उसने बताया कि आईएएस अधिकारी समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हुए लोगों के लिए नई सुविधाएं और बेहतर व्यवस्थाएं लागू करते हैं और वह भी भविष्य में ऐसा ही करना चाहती है।

वंशिका के पिता ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि उनकी तीन बेटियां हैं, लेकिन वंशिका का पढ़ाई की ओर विशेष झुकाव हमेशा से रहा है। उन्होंने कहा कि बेटी जिस विषय में आगे पढ़ाई करना चाहेगी और जिस कोचिंग की जरूरत होगी, परिवार हर संभव सहयोग करेगा। इसी संस्थान की छात्रा सैमा ने भी 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंबाला कैंट की रहने वाली सैमा को संगीत में विशेष रुचि है और वह आगे कॉलेज में म्यूजिक या आर्ट्स विषय में पढ़ाई करना चाहती है। सैमा ने बताया कि उसके दसवीं कक्षा में भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए थे और वह आगे भी मेहनत जारी रखेगी। उसने कहा कि उसके पिता मजदूरी करते हैं, इसलिए वह पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करना चाहती है ताकि परिवार पर आर्थिक बोझ कम हो और वह प्रशासनिक सेवा की तैयारी जारी रख सके। संस्थान के शिक्षकों ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद इन छात्राओं ने जो सफलता हासिल की है, वह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी मिसाल है।

## तेजा सिंह स्वतंत्र ममेमोरियल स्कूल के स्टूडेंट्स ने पंजाब बोर्ड में किया टॉप



लुधियाना/यूटर्न/13 मई। तेजा सिंह स्वतंत्र ममेमोरियल स्कूल शिमलापुरी के 12वीं क्लास के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर से पंजाब बोर्ड में बाजी मार ली। स्कूल की दिवांशी ने 100 प्रतिशत, सिमरन तिवारी ने 99.40 प्रतिशत, तानिया शर्मा ने 98.40 प्रतिशत, शोयावीर ठाकुर ने 98.40 प्रतिशत और रणजीत सिंह ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल किए।

Uturn Time 14 May 2026_Layout 2 13-05-2026 23:33 Page 7



# पंचकूला में दुकानदार से कैश छीनने वाला स्नैचर गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद; साथी फरार

पंचकूला/यूटर्न/13 मई। सेक्टर-14 क्षेत्र में दुकानदार से नकदी छीनकर फरार होने की कोशिश कर रहे दो युवकों में से एक आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है, जबकि उसका साथी नकदी लेकर फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार 10 मई 2026 को थाना सेक्टर-14 पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता, जो ढकोली का रहने वाला है और परशुराम चौक के पास खोखा चलाता है, ने पुलिस को बताया कि वह रात को काम खत्म करने के बाद ठेके के पास बाल कटवा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। शिकायतकर्ता के मुताबिक एक युवक




माचिस मांगने के बहाने उसके पास आया और मौका पाकर उसकी पिछली जेब से करीब दो हजार रुपये निकालकर भागने लगा। दोनों आरोपी बाइक पर बैठकर फरार होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन जल्दबाजी में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद पुलिस टीम और स्थानीय लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी नकदी लेकर भाग निकला। पकड़े गए आरोपी को थाना सेक्टर-14 ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की जांच क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 को सौंपी गई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान रवि के रूप में हुई, जो रामदरबार चंडीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी के साथ उसका एक अन्य साथी भी वारदात में शामिल था। आरोपी रवि को 10 और 11 मई की दरम्यानी रात विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया और 11 मई को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान फरार सह आरोपी की गिरफ्तारी और छीने गए दो हजार रुपये की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दी जा

# नगर परिषद चुनाव, जगरांव में सियासी सरगर्मी तेज

## दो दिनों में 111 NOC जारी, नामांकन के लिए नहीं पहुँचा कोई उम्मीदवार



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/मई। पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा नगर कौंसिल चुनावों का बिगुल फूँकने के बाद जगरांव में राजनीतिक हलचल चरम पर है। चुनावी रण में उतरने के इच्छुक उम्मीदवारों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है, जिसके चलते सरकारी दफ्तरों में एनओसी (ठडउ) लेने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

### दस्तावेजों की दौड़: 48 घंटों में 111 एनओसी

नगर कौंसिल जगरांव के अधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दो दिनों में उम्मीदवारों को कुल 111 एनओसी जारी की जा चुकी हैं।

**पहले दिन:** 66 एनओसी जारी की गईं।

**दूसरे दिन:** 45 उम्मीदवारों को क्लीयरेंस मिली।

नगर कौंसिल के इंस्पेक्टर शिव कुमार और क्लर्क तारिक व गुरप्रीत सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के नियमों के तहत दस्तावेजों की जांच की जा रही है और उम्मीदवारों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि प्रक्रिया में देरी न हो।

### 8 विभागों की 'अग्निपरीक्षा' पार करना अनिवार्य

चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए डगर इतनी आसान नहीं है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एनओसी प्राप्त करने के लिए नगर कौंसिल के 8 अलग-अलग विभागों से क्लीयरेंस लेना अनिवार्य है। इन विभागों द्वारा बकाया राशि, प्रॉपर्टी टैक्स और अन्य तकनीकी जांच के बाद ही अंतिम प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

### पहले दिन खाली रहे नामांकन केंद्र

दिलचस्प बात यह रही कि जहाँ एक ओर एनओसी लेने के लिए आपाधापी मची रही, वहीं दूसरी ओर नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन (13 मई) एक भी उम्मीदवार अपना पर्चा भरने नहीं पहुँचा।

महत्वपूर्ण तिथि: पंजाब राज्य चुनाव आयोग के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी। माना जा रहा है कि उम्मीदवार फिलहाल शुभ मुहूर्त और अपने दस्तावेजों को मुकम्मल करने में जुटे हैं, जिस कारण आने वाले दो-तीन दिनों में नामांकन केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ सकती है।

# जटौली मंडी में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव बोलीं–जनसेवा ही राजनीति का उद्देश्य, गांव-गांव तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

गुरुग्राम/यूटर्न/13 मई। हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बुधवार को जटौली मंडी में आयोजित कार्यक्रम में मार्केट कमेटी पटौदी के चेयरमैन मनोज मोकलवास के पदग्रहण समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। मंत्री आरती राव ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे लगातार लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ साल में उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता से संवाद बढ़ाया है, जिससे लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।



उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का कार्य केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना और हर समय उनके साथ खड़ा रहना है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है ताकि आम लोगों को अपने ही जिले में बेहतर इलाज मिल सके। आरती राव ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा ढांचे को लगातार मजबूत कर रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं केवल शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि गांव और कस्बों तक भी पहुंचें।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर, स्वच्छता, पेयजल और मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर लगातार काम हो रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए कई नई योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी फसल खरीद सीजन में पटौदी-जटौली मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन शुरू की जाएगी, जहां किसानों, मजदूरों और आम लोगों को मात्र 10 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में पटौदी विधायक बिमला चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुडा के वरिष्ठ अधिकारी बावा पर ईडी की कार्रवाई की चर्चा, प्रॉपर्टी मामले में गिरफ्तारी की खबरें



चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। पंजाब शहरी विकास प्राधिकरण (पुडा) के वरिष्ठ अधिकारी बावा को लेकर बुधवार देर शाम प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का माहौल गर्म हो गया। सूत्रों के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रॉपर्टी से जुड़े एक मामले में बावा को गिरफ्तार किया है। हालांकि इस संबंध में अभी तक ईडी या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई कथित तौर पर प्रॉपर्टी लेनदेन और कुछ दस्तावेजों से जुड़े मामले को लेकर की गई है। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियां पिछले कुछ समय से कुछ वित्तीय लेनदेन और प्रॉपर्टी मामलों की जांच में जुटी हुई थीं। इसी जांच के दौरान यह कार्रवाई सामने आई है। मामले की खबर सामने आते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई। कई अधिकारियों और राजनीतिक हलकों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ईडी ने किस आधार पर कार्रवाई की है और मामले में आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल यू टर्न टाइम्स इस खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता। आधिकारिक दस्तावेज या एजेंसी की पुष्टि सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह को अंतरराष्ट्रीय 'प्रोफेसर' सम्मान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक अगुवा, लेखक, मानवतावादी एवं शांति दूत एच. ई. प्रोफेसर एम्बेसडर रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह को पीडीकेएस रॉयल ऑफ सोवरेन यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय 'प्रोफेसर' सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। इस उपलब्धि के बाद आध्यात्मिक, साहित्यिक और सामाजिक क्षेत्रों में खुशी और सराहना का माहौल है।



रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह, जो एनसीआईजीडी चंडीगढ़ में प्रीस्ट के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, लंबे समय से आध्यात्मिक सेवा, साहित्य, मानवता, शांति जागरूकता और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके लेखन, प्रेरणादायक संदेशों और सामाजिक कार्यों ने देश-विदेश में अनेक लोगों को प्रभावित किया है। वे अंतरराष्ट्रीय कवि, लेखक, शांति प्रेरक, विश्व रिकॉर्ड धारक और नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित व्यक्तित्व के रूप में भी पहचान रखते हैं।

विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान की घोषणा करते हुए उनके ज्ञान-वितरण, नेतृत्व क्षमता और मानवता की सेवा के प्रति समर्पण की विशेष सराहना की गई। यह सम्मान शिक्षा, आध्यात्मिक प्रेरणा और सामाजिक विकास में उनके राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय योगदान का प्रतीक माना जा रहा है।

इस अवसर पर रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय प्रशासन और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस उपलब्धि के लिए सर्वशक्तिमान परमेश्वर के विशेष रूप से आभारी हैं, जिनकी कृपा और मार्गदर्शन से उन्हें निरंतर मानवता की सेवा करने की शक्ति मिलती रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अंतरराष्ट्रीय मान्यता उन्हें शांति, मानव सेवा और समाज जागरूकता के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। साथ ही उन्होंने बताया कि वे इस सम्मान से संबंधित आधिकारिक प्रमाणपत्र और औपचारिक दस्तावेज प्राप्त होने की सम्मानपूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता, चार लूट मामलों का पदार्फाश; दो आरोपी गिरफ्तार, 8 मोबाइल और हथियार बरामद




चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने एंटी सोशल एलिमेंट्स के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार सनसनीखेज लूट मामलों का पदार्फाश किया है। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक तेजधार चाकू, एक वॉलेट, आधार कार्ड और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा बरामद की है। यह कार्रवाई यूटी की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी के एम प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-39 के एसएचओ राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित निवासी गांव पिपलथा, जिला जींद (हरियाणा) और अजय निवासी पटियाला बैंक कॉलोनी, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में दर्ज चार अलग-अलग लूट मामलों को सुलझाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस को बताया था कि एक्टिवा सवार दो युवक चाकू दिखाकर उनके मोबाइल फोन, पर्स, आधार कार्ड और नकदी लूटकर फरार हो जाते थे। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 100 प्रतिशत रिकवरी करने का दावा किया है। बरामद मोबाइल फोन में थाना सेक्टर-39 के तीन, सेक्टर-36 के तीन, सेक्टर-34 का एक और थाना सेक्टर-49 का एक मोबाइल शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बेटे प्रतीक यादव का लखनऊ में 38 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार को उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। वह बीजेपी नेता अपर्णा यादव के पति और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सौतेले भाई थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें सुबह 6:15 बजे उनके परिवार वाले अस्पताल लाए थे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उस समय उनकी पत्नी वहाँ मौजूद नहीं थीं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और अस्पताल के डॉक्टरों का एक पैनल जल्द ही उनके शव का पोस्टमॉर्टम करेगा, ताकि उनकी मौत की वजह का पता चल सके। शुरूआती जाँच में उनके शरीर पर चोट का कोई भी निशान नहीं मिला है।



## कौन थे प्रतीक यादव ?

यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री हासिल करने वाले प्रतीक यादव एक जाने-माने रियल एस्टेट डेवलपर और फिटनेस के शौकीन थे। सितंबर 2012 में, उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर बॉडीबिल्डिंग वेबसाइट पर महीने के सबसे बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय ट्रांसफॉर्मेशन के तौर पर दिखाया गया था। उन्होंने अपने इस ट्रांसफॉर्मेशन का श्रेय मुलायम सिंह यादव द्वारा एक दशक पहले दी गई एक प्रेरणादायक सलाह को दिया था। वह जानवरों की भलाई में अपनी गहरी दिलचस्पी के लिए जाने जाते थे और उन्होंने जानवरों की देखभाल और सुरक्षा से जुड़ी कई पहलों का समर्थन किया था।

## फेफड़ों की बीमारी से थे पीड़ित

प्रतीक यादव लंबे समय से फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनके फेफड़ों में खून का थक्का जम गया था, जिसका इलाज चल रहा था। बुधवार सुबह जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देना बंद कर दिया, तो उनके परिवार वाले उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। जब उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्होंने कोई भी प्रतिक्रिया देना बंद कर दिया, तो उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रतीक यादव, मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी साधना के बेटे थे।

## लैंबॉर्गिनी खरीदने को लेकर विवादों में घिरे थे

*साल 2017 में 5 करोड़ रुपये की लैंबॉर्गिनी कार खरीदने को लेकर वह विवादों में घिर गए थे। आलोचकों ने सवाल उठाया था कि समाजवाद के प्रति समर्पित होने का दावा करने वाले एक परिवार का सदस्य दुनिया की सबसे महंगी कारों में से एक को कैसे खरीद सकता है? इस पर उन्होंने कहा था, मैंने यह कार लोन लेकर खरीदी है। मेरे पास इसके सभी कागजात हैं और मैं इनकम टैक्स भी भरता हूँ। फिर इस पर इतना विवाद क्यों हो रहा है ?*

# खुड्डा लाहौरा और खुड्डा अलीशेर में सीवरेज व इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की समीक्षा, चीफ इंजीनियर ने दिए जरूरी निर्देश

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। शहर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और सीवरेज व ड्रेनेज से जुड़ी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ के चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने मंगलवार को खुड्डा लाहौरा और खुड्डा अलीशेर गांव का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों और सीवरेज व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान एरिया पार्षद जसविंदर कौर और नगर निगम के संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



निरीक्षण और समीक्षा बैठक में नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग के सभी सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, संबंधित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और सब डिविजनल इंजीनियर शामिल हुए। दौरे के दौरान खुड्डा लाहौरा-खुड्डा अलीशेर रोड पर सीवरेज लाइन में आने वाली ब्लॉकेज की समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने गांव खुड्डा लाहौरा में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज (एसडब्ल्यूडी) सिस्टम के अपग्रेडेशन से जुड़े चल रहे और प्रस्तावित कार्यों का भी निरीक्षण किया, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अलावा इलाके में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया गया। चीफ इंजीनियर संजय अरोड़ा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित जन शिकायतों और तकनीकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने इंजीनियरिंग अधिकारियों को ऐसे संवेदनशील स्थानों की पहचान करने को कहा जहां मौजूदा सीवरेज और ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत और अपग्रेड करने की आवश्यकता है, ताकि सीवरेज और बरसाती पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके। उन्होंने सभी विकास कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजनाओं को जल्द पूरा करने और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए नियमित फील्ड मॉनिटरिंग और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। नगर निगम चंडीगढ़ ने कहा कि शहर में योजनाबद्ध विकास कार्यों और लगातार निगरानी के माध्यम से नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निगम लगातार प्रतिबद्ध है।

# पंजाब में पाकिस्तान समर्थित हथियार तस्करी मॉड्यूल बेनकाब, नाबालिग सहित 5 आरोपी दबोचे; ड्रोन से भेजते थे हथियार

अमृतसर/यूटर्न/13 मई। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पंजाब में अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में एक नाबालिग सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 आधुनिक पिस्तौल और 14 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर थाना कैंट क्षेत्र में की गई। आरोपी पाकिस्तान के इशारे पर काम करते थे। CP गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी आकाशदीप सिंह उर्फ आकाश शामिल है, जो पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में जेल जा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद उसने सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित तस्करों आकाश और रेहान से संपर्क बनाया। आरोप है कि अटारी सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से हथियारों की खेप भेजी जाती थी, जिन्हें आगे अपराधियों तक पहुंचाया जाता था।




## २ पिस्तौल और ६ कारतूस बरामद

सबसे पहले पुलिस ने आकाशदीप सिंह और हरमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से दो पिस्तौल और छह कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आकाशदीप के खुलासे पर एक और पिस्तौल बरामद की गई। आगे की जांच में मनीष सिंह, किशन सिंह और एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया। इनके पास से तीन और विदेशी हथियार तथा छह कारतूस मिले।

## बेरोजगार युवाओं को पैसों का लालच देकर करते थे नेटवर्क में शामिल

बरामद हथियारों में ऑस्ट्रिया और क्रोएशिया में बने ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल, इटली निर्मित .32 बोर और अमेरिका निर्मित .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी गांवों के बेरोजगार युवाओं को पैसों का लालच देकर अपने नेटवर्क में शामिल कर रहे थे।

# अजनोहा के सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बारहवीं कक्षा का परिणाम रहा शानदार



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/13 मई। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजनोहा की बारहवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल हरमनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के परिणाम में अरुण कुमार ने 82.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान, खुशी ने 78.4% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रिया चोपड़ा और इंदरप्रीत सिंह ने 77.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। बारहवीं कक्षा के शेष विद्यार्थी भी अच्छे अंकों से पास हुए। स्कूल प्रमुख ने बेहतरीन परिणाम के लिए अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर जतिंदर सिंह, सरबजीत कौर, सतनाम कुमार, राजविंदर कौर, नरिंदर अजनोहा, लवदीप कौर, उंकार सिंह, धर्मिंदर सिंह, हाफिज, अभिनाश कौर, अमनप्रीत कौर, अमनजीत कौर, अमनदीप कौर, दीपक कुमार, जसप्रीत कौर, कुलविंदर सिंह, मुनिश कुमार, राजेश कुमार, आरती थापर, हरभजन सिंह और हरजिंदर सिंह आदि मौजूद थे।

# पुश्तैनी जमीन के बंटवारे में डबल मर्डर, सैर कर रहे भाई के सिर में गोली मारी, घर जाकर भाभी को मार डाला

पंजाब/यूटर्न/13 मई। गुरदासपुर के गांव नैनेकोट में मंगलवार रात जमीन विवाद में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई और उसकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। भाई को सैर करते समय गांव के बाहर रास्ते पर और उसकी पत्नी को घर में घुसकर गोली मारी। थाना भैणी मियां खां की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी भाई अमरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर बताया जा रहा है। मृतकों की पहचान अजायब सिंह (52) और पत्नी कमल कौर (50) के रूप में हुई है। मृतकों के रिश्तेदार हरजीत सिंह ने बताया कि इन 3 भाइयों के बीच जमीन-जायदाद को लेकर विवाद था। यह परिवार वर्षों से टाटा नगर (झारखंड) में रहता था, लेकिन पिछले साल ही अपने पैतृक गांव नैनेकोट आकर अलग-अलग मोहल्लों में रहने लगा। पिछले एक साल से गांव की 9 किल्ले जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार ने कई बार पंचायत बुलाई, लेकिन एक पक्ष के मुकर जाने के कारण समझौता सिरे नहीं चढ़ा।



## दो अलग-अलग जगहों पर मारी गोली

अजायब के बड़े भाई अमरजीत ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से इस दोहरा हत्याकांड को अंजाम दिया। उसने पहले भाई अजायब सिंह का सैर करते हुए पीछा करके गांव के बाहर एक पोल्ट्री फार्म के रास्ते पर सिर में गोली मारकर हत्या की। इसके बाद वह अपनी स्कूटी पर अजायब के घर की ओर निकला। घर पर अजायब की पत्नी कमल कौर थीं। उसने कमल को भी गोली मार दी।

## घर पर नहीं थे दोनों बेटे

*रिश्तेदारों ने बताया कि अजायब सिंह के 2 बेटे हैं। वारदात के समय वे दोनों ही घर पर नहीं थे। दंपती का एक बेटा ऑस्ट्रेलिया में रहता है और दूसरा बिहार में नौकरी करता है। उनको इस मामले की जानकारी दे दी गई है। घटना की सूचना पोल्ट्री फार्म पर मौजूद एक व्यक्ति ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना भैणी मियां खां के मुख्य अधिकारी गुरनाम सिंह और डीएसपी कुलवंत सिंह मान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। डीएसपी कुलवंत सिंह मान ने पुष्टि करते हुए कहा कि यह दोहरा हत्याकांड जमीन के विवाद के कारण हुआ है।*

# मेधा की चमक: जीएचजी अकादमी में गूँजा विज्ञान का जयघोष




-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/मई। विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के जज्बे के साथ जी.एच.जी. अकादमी में 12वीं कक्षा (विज्ञान वर्ग) के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य 'इंटर-हाउस साइंस क्विज' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में किताबी ज्ञान से परे, विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने के कौशल का कड़ा इम्तिहान हुआ।

रोमांचक रहा मुकाबला: फतेह हाउस ने मारी बाजी

प्रतियोगिता का हर राउंड रोमांच से भरपूर रहा, जहाँ अंकों की बढ़त के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

अंततः अपने सटीक उत्तरों और शानदार टीमवर्क के दम पर:

प्रथम स्थान: फतेह हाउस (विजेता)

द्वितीय स्थान: जुझार हाउस

तृतीय स्थान: जोरावर हाउस

## मुख्य आकर्षण और उद्देश्य

इस बौद्धिक महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें टीम के साथ काम करने के लिए प्रेरित करना था। मंच पर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

*'ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों के ज्ञान को परखती हैं, बल्कि उनमें मंच के डर को खत्म कर नेतृत्व की भावना भी जगाती हैं।'-विद्यालय* प्रशासन

सराहना और समापन

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने विजेताओं को सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए नई ऊर्जा से भर दिया।

# जिला पुलिस की ओर से अप्रैल माह में की गई रिकवरी और अन्य कानूनी कार्यवाही की विशेष रिपोर्ट

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/13 मई। पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत मान की ओर से पिछले समय दौरान पंजाब में नशों की रोक थाम और युवा वर्ग को नशों से बचाने हेतु किए गए प्रशंसनीय प्रयास,मुहिम युद्ध नशियां विरुद्ध और अन्य ऑपरेशन के अंतर्गत पुलिस की ओर से डी जी पी गौरव यादव के नेतृत्व में पूरे पंजाब में सख्ती से कानूनी कार्यवाही करते हुए यहां नशों की तस्करी रोकने , नशों में ग्रस्त युवाओं को नशों से बचाने हेतु,समाज विरोधी अनसरो के खिलाफ बहुत ही मुस्तैदी से कानूनी कार्यवाही की है बही पर वरिष्ठ संवाददाता दलजीत अज्नोहा की ओर से विशेष बातचीत



दौरान प्राप्त जानकारी मुताबिक जिला पुलिस होशियारपुर में जिला पुलिस प्रमुख संदीप कुमार मलिक के दिशा निर्देशों पर जिले के विभिन्न थानों में कानूनी कार्यवाही करते हुए अप्रैल माह में जिले भर में 113 विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज किए है ,148 आरोपी धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किए है , 10 किलो 322 ग्राम हेरोइन बरामद की है 1 किलो 30 ग्राम अफीम बरामद की है ,296 ग्राम चरस बरामद की है, इंटॉक्सान्ट पावडर 3 किलो 515 ग्राम ,नशीले कैप्सूल 2543 और 1 लाख 20 हजार ड्रग मनी बरामद की है इसी तरह पुलिस भविष्य में सख्ती से कानूनी कार्यवाही करते हुए सरकार की इस मुहिम और अन्य ऑपरेशन को निरंतर जारी रखते हुए कार्य कर रही है और सरकार के इस प्रयास जिसमे पंजाब को पूरी तरह से नशा मुक्त करने हेतु पुलिस दिन रात काम कर रही है

# पंजाब की राजनीति में ई डी और सीबीआई का बढ़ता खौफ !







अशोक सहगल
लुधियाना/यूटर्न/13 मई। पंजाब की राजनीति तथा नौकरशाही में पहली बार वीडियो सीबीआई का खौफ इस कदर बढ़ गया है कि राज्य में रोज कहीं ना कहीं ऐसी कार्रवाई हो रही है पहली बार भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में सीबीआई ने विजिलेंस ब्यूरो के मुख्यालय में दबिश दी। 20 लाख रुपए की रिश्वत से जुड़े मामले में अब तक 3 लोगों को करीब 35 किलोमीटर पीछा कर हरियाणा बॉर्डर के करीब अंबाला के पास से अरेस्ट किया गया और आरोपियों के ठिकानों से 9 लाख रुपये कैश बरामद किए गए हैं, लेकिन जिस बड़े साहब के नाम पर यह पूरी डील चल रही थी, वह आखिर कोई नेता था या कोई अफसर यह अब भी पहेली है। इनकी वॉट्सएप चैट भी सामने आई है। इस सिलसिले में दो आरोपियों का तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया जा चुका है।

दूसरी तरफ सीबीआई ने चंडीगढ़ अदालत से देर शाम पंजाब विजिलेंस चीफ शरद सत्य चौहान के रीडर ओपी राणा के गैर-जमानती वारंट भी जारी करवा लिए, ताकि उसे काबू किया जा सके।

इससे पहले आम आदमी पार्टी की सरकार में दूसरे नंबर पर माने जाने वाले कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा पर ई डी की रेड और गिरफ्तारी से पंजाब की राजनीति में भूचाल जैसी स्थिति पैदा हो गई। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान ने इसका आरोपी भारतीय जनता पार्टी को माना इसी सिलसिले में राजनीतिक हल्को तनाव बढ़ता गया।

अपना विरोध प्रकट करने के लिए जालंधर की आप लीडरशिप रविवार साढ़े 10 बजे केंद्र सरकार के खिलाफ शास्त्री चौक में धरने पर बैठ गई और जमकर नारे बाजी की। आप नेताओं का कहना था कि पंजाब में उनके नेताओं पर भाजपा की की तरफ से एऊकी रेड करवाई जा रही है। आप नेताओं का कहना था कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को तोड़ना चाहती है। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार इसके लिए लगातार एऊका मिसयुज कर रही है।पहले राज्यसभा सदस्यों को डराकर बीजेपी में मिलाया गया और अब मंत्रियों को टारगेट किया जा रहा है। इससे बीजेपी को आने वाले विधानसभा चुनाव में कोई फायदा नहीं होने वाला।

## ई डी का सही इस्तेमाल या मिसयुज

लोगों का कहना है कि लगातार प्रवर्तन निदेशालय यानी की ई डी तथा सीबीआई द्वारा की जा रही छापेमारी में क्या सचमुच केंद्र सरकार द्वारा इसका मिसयुज उसे किया जा रहा है अथवा जहां-जहां इन एजेंटीयों को भ्रष्टाचार की दुर्गंध आ रही है वही यह छापेमारी की जा रही है यह भी गौरतलब है कि बीते वर्षों के आंकड़ों को देखे तो ई डी और सीबीआई द्वारा देश भर में छापेमारी और रेड काफी ज्यादा संख्या में की जा रही है। कई दिनों से लोग काफी संशय में दिखाई दिए परंतु अब उनका मानना है कि अगर रेड के दौरान कुछ हासिल होता है और बाद में यह सिद्ध हो जाता है कि रेड सही थी तो माना जाएगा कि इसका सही इस्तेमाल हुआ है और कहीं इसमें राजनीति हस्तक्षेप नजर आया तो यह भी आने वाले समय में अपने आप साफ हो जाएगा। फिलहाल राज्य में ऐसी छापेमारियों को लेकर माहौल काफी दहशत वाला दिखाई देता है खास तौर पर राजनीतिक नेताओं और नौकरशाही पर इसका ज्यादा असर सामने आ रहा है।

# जगरांव नगर परिषद चुनाव: वार्ड आरक्षण में कोई बदलाव नहीं

-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/13/मई। नगर परिषद चुनावों को लेकर वार्डों के आरक्षण की स्थिति अब पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। पिछले कुछ दिनों से आरक्षण सूची में बदलाव को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए यह साफ कर दिया गया है कि चुनाव 31/दिसंबर/25 को जारी पहली आधिकारिक अधिसूचना के आधार पर ही संपन्न होंगे। ₹वार्ड रिजर्वेशन₹ की मौजूदा व्यवस्था में किसी भी तरह का कोई फेरबदल नहीं किया गया है।

### भ्रम की स्थिति और प्रशासन का स्पष्टीकरण

बीती रात लुधियाना चुनाव कार्यालय के एक ग्रुप में जगरांव के 23 वार्डों की आरक्षण सूची से संबंधित एक नई फाइल साझा की गई थी। इस सूची में पुरानी अधिसूचना के मुकाबले कुछ अंतर दिखाई दे रहे थे, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में चर्चाओं और असमंजस का दौर शुरू हो गया।

हालांकि, एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वायरल हुई उस नई सूची की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है और किसी भी नए आधिकारिक आदेश के आने तक पुरानी स्थिति ही बरकरार रहेगी।

## 31 दिसंबर की अधिसूचना ही रहेगी मान्य




### डीसी कार्यालय की बैठक में लिया गया निर्णय

लुधियाना डीसी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की एक अहम बैठक के बाद यह पुख्ता जानकारी सामने आई है कि:

पंजाब सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2025 को जारी गजट नोटिफिकेशन ही अंतिम और सर्वमान्य है।

नगर परिषद चुनाव इसी गजट के नियमों और आरक्षण चार्ट के अनुसार कराए जाएंगे।

जगराओव नगर परिषद के सभी 23 वार्डों में आरक्षण का जो वितरण पहले तय किया गया था, उसमें रत्ती भर भी बदलाव नहीं है। अहम बात: प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में वार्डों की आरक्षण श्रेणी में किसी भी संशोधन का कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ है। उम्मीदवार और आम जनता केवल 31 दिसंबर की अधिसूचना को ही आधार मानकर अपनी तैयारी जारी रखें।

# जॉब पर जा रही महिला का पर्स छीन भागे बदमाश, पीछा करते हुए गिरी, 2 आरोपी गिरफ्तार




लुधियाना/यूटर्न/13 मई। घुमारमंडी इलाके में जॉब पर जा रही एक महिला से बाइक सवार दो बमदाशों ने झपटमारी करके पर्स छीन लिया। महिला शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे भागी। लेकिन इस दौरान अचानक भागते हुए वे गिर गई और चोटें आई। लेकिन बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार, पर्स में सोने की चेन, दो झुमके, टॉप्स, एक लेडीज रिंग, करीब ढाई से तीन तोला सोना, दो चांदी के कड़े, 1500 रुपये नकद और कई जरूरी दस्तावेज मौजूद थे। थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला रेनू बाला निवासी बसंत वाटिका एक्सटेंशन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह नेशनल रोड स्थित मुथूट फाइनेंस कंपनी में ड्यूटी पर जा रही थी। जब वह घुमारमंडी से नेशनल रोड की ओर पहुंची, तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उसका बड़ा पर्स छीन लिया और फरार हो गए। महिला ने आरोपियों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन भागते समय वह सड़क के बीच गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई, जिसमें बाइक सवार आरोपी पर्स छीनकर भागते दिखाई दे रहे हैं।

# ढकोली की एमएस एनक्लेव कॉलोनी में बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

## रसोई की ग्रिल काट घर में घुसा चोर, एलईडी से गैस सिलेंडर तक ले गया



जीरकपुर/यूटर्न/13 मई। ढकोली क्षेत्र स्थित एमएस एनक्लेव कॉलोनी में बंद पड़े एक मकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोर ने घर की रसोई में लगी लोहे की ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और करीब एक घंटे तक आराम से घर का सामान खंगालता रहा। जानकारी के अनुसार मकान मालिक अशोक धर अपने परिवार सहित तीन दिनों के लिए शहर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान देर रात करीब दो बजे चोर ने सूने मकान को निशाना बनाया। आरोपी घर से एलईडी टीवी, म्यूजिक सिस्टम, इन्वर्टर, बैटरी, कपड़े और दो भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर तक लेकर फरार हो गया।

सुबह जब पड़ोसियों ने घर का सामान बिखरा देखा तो उन्होंने तुरंत मकान मालिक को सूचना दी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने ढकोली पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में डर का माहौल है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

Uturn Time 14 May 2026_Layout 2 13-05-2026 23:33 Page 11



# शिअद ने निगम चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

## सुखबीर सिंह बादल और हरसिमरत कौर बादल की सहमति से 44 उम्मीदवारों की घोषणा

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/19 मार्च। बठिंडा नगर निगम चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी द्वारा बुधवार को जारी की गई इस सूची में कुल 50 में से 44 वार्डों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है, जबकि शेष 6 वार्डों के उम्मीदवारों की घोषणा भी जल्द किए जाने की बात कही गई है।

पार्टी के अनुसार उम्मीदवारों के चयन के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति, जिसमें बठिंडा शहरी के विधानसभा प्रभारी इकबाल सिंह बबली ढिल्लों, शहरी जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गोल्डी और इंद्रजीत सिंह बराड़ शामिल थे, ने पार्टी अध्यक्ष



सरदार सुखबीर सिंह बादल और सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल के साथ विचार-विमर्श के बाद यह सूची जारी की है।

शिरोमणि अकाली दल के शहरी विधानसभा प्रभारी इकबाल सिंह बबली ढिल्लों ने कहा कि पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी नगर निगम चुनावों में सबसे पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने में आगे रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी को पूरा विश्वास है कि शहरवासी अकाली दल की पिछले 10 वर्षों की सरकार की कार्यशैली और विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए चुनावों में पार्टी के पक्ष में फैसला देंगे।

# योगराज सिंह के बयान पर बढ़ा विवाद, महिला सम्मान को लेकर वकीलों ने उठाई कानूनी कार्रवाई की मांग

अजीत झा

चंडीगढ़ /यूटर्न/13 मई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता और अभिनेता योगराज सिंह एक बार फिर अपने कथित बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। चंडीगढ़ में जिला बार एसोसिएशन सेक्टर-43 के पदाधिकारियों ने उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो क्लिप में योगराज सिंह ने महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की है। जिला बार एसोसिएशन सेक्टर-43 के ट्रेजरर उज्जवल भसीन और एडवोकेट जतिन वर्मा ने एसएसपी सेक्टर-9 कार्यालय में शिकायत सौंपते हुए कहा कि वायरल वीडियो में कथित तौर पर महिलाओं को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल



किया गया है। वकीलों का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है तथा समाज में गलत संदेश देती है।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका कहना है कि ऐसे बयान समाज में महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा दे सकते हैं और महिलाओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार को सामान्य बनाने का खतरा पैदा करते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि योगराज सिंह अक्सर खुद को सिख परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा बताते हैं, लेकिन महिलाओं के प्रति इस तरह की टिप्पणी उन मूल्यों के विपरीत है, जो समानता और सम्मान का संदेश देते हैं। एडवोकेट उज्जवल भसीन और जतिन वर्मा ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए योगराज सिंह के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए। वहीं इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस तेज हो गई है और कई लोग महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल हॉस्पिटल ट्रस्ट में केक काटकर मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/13 मई। श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल हॉस्पिटल ट्रस्ट फगवाड़ा की ओर से 'अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस' बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और ट्रस्ट सदस्यों ने केक काटकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा नर्सिंग स्टाफ को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं दी। ट्रस्ट के प्रधान प्रदीप धीमान ने नर्सिंग स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि नर्सों का जीवन सेवा, समर्पण और इंसानियत की जीवंत मिसाल होता है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा संचालित इसअस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को जहां बहुत सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलती हैं, वहीं नर्सिंग स्टाफ की हॉस्पिटैलिटी विशेष रूप से मरीजों और उनके परिजनों को प्रभावित करती है। प्रदीप धीमान ने यह भी घोषणा की कि जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए अस्पताल



में जल्द ही नए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे, ताकि मरीजों को और अधिक आधुनिक एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने 'सरहिंद फतह दिवस' की भी उपस्थितों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि 17 मई को श्री विश्वकर्मा मंदिर कमेटी द्वारा रामगढ़िया कौम के महान जरनैल स. जस्सा सिंह रामगढ़िया जी का 303वां जन्म दिवस बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने संगत से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। ट्रस्ट के सरपरस्त जसपाल सिंह लाल और डा. अविनाश सिंह चौहान ने भी नर्सिंग स्टाफ को बधाई देते हुए उनकी सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर इलाज करते हैं, लेकिन मरीज को नई जिंदगी नर्सों की देखभाल और सेवा से ही मिलती है। इस अवसर पर सुरिंदर पाल धीमान, गुरनाम सिंह जुतला, अमोलक सिंह झीता, परमजीत सिंह भोगल, डा. दीपा यादव, डा. जरनैल सिंह, डा. रमिंदर सिंह, डा. आयुषी वर्मा, कुलविंदर सिंह सैंहबी, सुरिंदर कुमार, विक्रम रूपराय सहित समूह नर्सिंग स्टाफ और ट्रस्ट सदस्य उपस्थित थे।


# 'तमन्ना भाटिया का किलर ग्लैम अवतार, एक तस्वीर ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा!'

तमन्ना भाटिया



बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया एक बार फिर अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में वायरल हुई तस्वीर में उनका कॉन्फिडेंस और स्टाइल ऐसा है, जिसने फैंस को दीवाना बना दिया है। पर्पल शिमरी ड्रेस में उनका एलिगेंट लुक फैशन लवर्स के लिए नया ट्रेंड सेट करता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स उनके इस अवतार को 'ब्यूटी विद बोल्डनेस' का परफेक्ट उदाहरण बता रहे हैं।

# पंजाबी अपनी मातृभाषा पर किसी भी हमले को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे - बलतेज पन्नू



दलजीत अजनोहा

होशियारपुर/यूटर्न/13 मई। आम आदमी पार्टी, पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा पंजाब के आर्मी स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य करने और पंजाबी को वैकल्पिक विषय बनाने के फैसले की निंदा की और इसे पंजाब विरोधी मानसिकता का प्रतीक बताया। श्री पन्नू ने कहा कि भाजपा लगातार पंजाब के अधिकारों और इसकी विरासत पर डाका मारने की कोशिश कर रही है, जिसे राज्य के लोग कभी भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पन्नू ने कहा कि भाजपा के पंजाब विरोधी फैसले हमेशा चर्चा और विवाद का विषय रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम किसी भाषा के विरोध में नहीं हैं, लेकिन पंजाब की धरती पर पंजाबी भाषा को दूसरे दर्जे पर धकेलना बर्दाश्त से बाहर है। पन्नू ने चेतावनी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इस जनविरोधी और पंजाब विरोधी फैसले को तुरंत वापस लेना चाहिए।

Uturn Time 14 May 2026_Layout 2 13-05-2026 23:33 Page 12



# दरिया में युवक की हत्या से भड़का गुस्सा, पुलिस चौकी के बाहर सैकड़ों लोगों का धरना; आरोपियों की गिरफ्तारी तक आंदोलन की चेतावनी





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 मई। चंडीगढ़ गांव दरिया में युवक की बेरहमी से हत्या के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। मंगलवार शाम तेजधार हथियारों से किए गए हमले में युवक सूरज की मौत के बाद बुधवार को परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। वारदात के 24 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज लोगों ने गांव दरिया पुलिस चौकी के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और स्थानीय निवासी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने साफ कहा कि जब तक हत्या के आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, उनका विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रही है।

धरने में गांव दरिया के पूर्व सरपंच गुरप्रीत सिंह हैप्पी, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल कुमार दुबे और मनोनीत पार्षद धर्मेंद्र सैनी समेत कई स्थानीय नेता और सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में हत्या के आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग उठाई।

पूर्व सरपंच गुरप्रीत सिंह हैप्पी, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल दुबे ,मनोनीत पार्षद धर्मेंदर सैनी ने गांव दरिया चौकी इंचार्ज के तबादले की मांग भी रखी। उनका कहना हैं कि इलाके में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और पुलिस की ढिलाई के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में एक जिम्मेदार और सख्त अधिकारी की नियुक्ति की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। धरने और बढ़ते विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारी लगातार प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर माहौल शांत करने में जुटे रहे। कुछ समय के लिए इलाके में तनावपूर्ण स्थिति भी बनी रही, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखा।

मौके पर पहुंचे एरिया डीएसपी पी अभिनंदन ने पीड़ित परिवार और प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार शाम गांव दरिया में सूरज पर कुछ युवकों ने तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल सूरज को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से इलाके में दहशत और गुस्से का माहौल बना हुआ है। पुलिस हत्या के पीछे पुरानी रंजिश समेत कई एंगल से जांच कर रही है।

# सफाई सेवकों का आंदोलन सातवें दिन भी जारी

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/12/मई। नगर परिषद जगरांव के सफाई सेवकों, सीवरमैनों और समूह नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अपनी हक की मांगों के लिए शुरू किया गया संघर्ष आज सातवें दिन में प्रवेश कर गया। इस आंदोलन में आज उस समय नया जोश और उत्साह देखने को मिला, जब पंजाब के विभिन्न किसान, मजदूर, सामाजिक, छात्र और धार्मिक संगठनों ने धरने पर पहुँचकर अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

## प्रमुख संगठनों का मिला साथ

कर्मचारियों की आवाज को बुलंद करने के लिए आज कई दिग्गज नेता और संगठन मैदान में उतरे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे :

**सेंट्रल वाल्मीकि सभा इंडिया :** राष्ट्रीय अध्यक्ष गेजा राम वाल्मीकि,

**किसान यूनियन :** पेंडू किसान यूनियन, कीर्ति किसान यूनियन और एकता डकौंदा,

**छात्र एवं युवा संगठन :** स्टूडेंट यूनियन पंजाब (अध्यक्ष हरप्रीत ढूडीके) और नौजवान सभा करमजीत माणूके,

**बहुजन समाज पार्टी :** लुधियाना प्रभारी प्रगट बिलगा, जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह साया और पूर्व जिला प्रभारी

## 7 प्रमुख संगठनों ने भरी हुंकार



सुखजीत सिंह सलेमपुरी।

**अन्य गणमान्य :** डॉ. जगजीत सिंह राऊवाल, वरिष्ठ नेता लखबीर सिंह सीरा गालब, अमरजीत सिंह देड़का महासचिव, हलका जगरांव और एडवोकेट रशपाल सिंह गालब।

## 'सरकार सोई हुई है, पर हमारे हौसले बुलंद हैं'- जिला अध्यक्ष गिल

धरने को संबोधित करते हुए यूनियन प्रधान अरुण गिल ने प्रशासन और सरकार की बेरुखी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा :

₹सफाई सेवक पिछले सात दिनों से अपनी जायज मांगों के लिए चिलचिलाती धूप में डटे हुए हैं, लेकिन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। जैसे-जैसे विभिन्न संगठनों का समर्थन बढ़ रहा है, कर्मचारियों का मनोबल भी सातवें आसमान पर है।₹

## आंदोलन तेज करने की चेतावनी

विभिन्न संगठनों के नेताओं ने एक सुर में कहा कि यह लड़ाई केवल सफाई सेवकों की नहीं, बल्कि हक और इंसाफ की लड़ाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इन मांगों का समाधान नहीं किया, तो इस संघर्ष को और अधिक तीखा और व्यापक बनाया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

**मांग :** कर्मचारियों का पक्का होना और अन्य जायज हक।

**स्थिति :** सात दिनों से काम बंद और धरना जारी।

**घोषणा :** मांगें पूरी होने तक 'कंधे से कंधा मिलाकर' साथ चलने का संकल्प।

# सनातन को मिटाने की मानसिकता वाले खुद मिट जायेंगे : इन्द्रजीत करवल



शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/13 मई। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान पर शिवसेना पंजाब ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंजाब इन्द्रजीत करवल, राजेश पलटा और प्रदेश प्रवक्ता विपन शर्मा ने इसे गैर-जिम्मेदाराना, भडकाऊ और देश की सांस्कृतिक एकता पर चोट करार दिया है। इन्द्रजीत करवल ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि सनातन को मिटाने की मानसिकता वाले लोग खुद मिट गये लेकिन सनातन सृष्टि के अंत तक फलता फूलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सनातन केवल एक धर्म नहीं बल्कि भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और जीवन मूल्यों की परंपरा है, जिसने हमेशा वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश दिया है। इसे खत्म करने जैसी भाषा बोलना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि समाज में अनावश्यक तनाव पैदा करने वाला दुर्भावना से ग्रस्त कुकृत्य भी है। राजेश पलटा और विपन शर्मा ने भी कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को अपने विचार रखने की आजादी देता है, लेकिन किसी भी धर्म या आस्था के खिलाफ घृणा फैलाने की अनुमति नहीं देता। इस तरह के बयान देश की एकता को नुकसान पहुंचाते हैं और समाज में वैमनस्य फैलाने का काम करते हैं। करवल ने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की जनता अपने धर्म और संस्कृति के अपमान को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने केंद्र और संबंधित एजेंसियों से ऐसी बयानबाजी को सख्ती से रोकने की मांग भी की और स्पष्ट किया कि देश की एकता, अखंडता और धार्मिक सौहार्द के खिलाफ किसी भी प्रकार की टिप्पणी अस्वीकार्य है। इस दौरान शिव सेना नेताओं ने उदयनिधि स्टालिन को दिमागी बिमार बताते हुए तमिलनाडू की नवनिर्वाचित सरकार से मांग कर कहा कि उदयनिधि स्टालिन का किसी अच्छे मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र में उचित ईलाज करवाया जाये।

# दूध ने फिर बिगाड़ा रसोई का बजट, अमूल के बाद वेरका ने भी बढ़ाए दाम

लुधियाना/यूटर्न/13 मई। अमूल के बाद अब पंजाब में भी दूध महंगा हो गया है। मिल्कफेड (वेरका) ने दूध की कीमतों में प्रति लीटर 2 रुपए तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। वेरका द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के




अनुसार नई दरें 14 मई (गुरुवार) सुबह से पूरे पंजाब में लागू होंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी फुल क्रीम, स्टैंडर्ड, टोंड और काऊ मिल्क समेत सभी वेरिएंट्स पर लागू होगी। इसके बाद उपभोक्ताओं को दूध खरीदने के लिए पहले से अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे पहले गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने भी अमूल दूध के सभी प्रमुख वेरिएंट्स और पैक्ड दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने 1 मई को ही दूध की खरीद कीमतों में बढ़ोतरी की थी। मिल्कफेड ने डेयरी किसानों को राहत देते हुए दूध की खरीद कीमत में 20 रुपए प्रति किलो फैट का इजाफा किया था। सरकार ने इसके पीछे उत्पादन लागत और पशु चारे की बढ़ती कीमतों को मुख्य कारण बताया था। वहीं, वेरका के साथ-साथ अमूल और मदर डेयरी ने भी अपने सभी दूध वेरिएंट्स पर 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनियों का कहना है कि परिचालन और उत्पादन लागत बढ़ने के चलते कीमतों में संशोधन करना जरूरी हो गया था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372